Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request the Minister of Environment and Forest department to give a no-objection certificate for the construction of airport at Jamshedpur, Dhalbhumgadh.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): अध्यक्ष महोदय, आपने मेरे जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण विषय सदन में उठाने के लिए मुझे मौका दिया है, इसके लिए आपका धन्यवाद।

मेरा जमशेदपुर लोक सभा बहुत बड़ी उद्योग नगरी है। वहां टाटा घराना है। मैं अपने क्षेत्र में दलभुमगढ़ एयरपोर्ट का विषय आपके समक्ष रखना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, जमशेदपुर धालभूमगढ़ में जो एयरपोर्ट बनना है, वह पिछली जनवरी में तत्कालीन मुख्य मंत्री और तत्कालीन राज्य मंत्री आदरणीय जयंत सिन्हा ने एयरपोर्ट की भूमि का पूजन किया था। इसके लिए ए.आई. द्वारा 100 करोड़ रुपये आबंटन किए गए हैं, लेकिन वन पर्यावरण विभाग द्वारा अभी तक अनापत्ति सर्टिफिकेट न देने के कारण आज तक एयरपोर्ट का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। महोदय, आपके माध्यम से मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि जल्द से जल्द वन विभाग द्वारा एन.ओ.सी. प्रदान करवाने की कृपा करें, ताकि एयरपोर्ट का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा सके।